10.09.2025 आकाशवाणी जयपुर–अजमेर 18.30 पीएम

प्रादेशिक समाचार

○ विधानसभा का मॉनसून सत्र आज अनिश्चितकाल के लिए स्थगित–पानी के अत्यधिक दोहन को रोकने के लिए राजस्थान भूजल प्रबंधन प्राधिकरण विधेयक पारित।

○ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा–सहकारिता के व्यापक दायरे से प्रदेश आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है।

○ केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में सम्पर्क और गतिशीलता बढ़ाने के लिए दो अहम रेल परियोजनाओं को मंजूरी।

○ दुनिया के पहले डिजिटल जनजातीय विश्वविद्यालय आदि संस्कृति का नई दिल्ली में शुभारंभ।

000

विधानसभा का मॉनसून सत्र आज अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया। सदन में विपक्ष के भारी हंगामे और वॉकआउट के बीच राजस्थान भूजल प्रबंधन प्राधिकरण विधेयक पारित किया गया। इसमें भूजल दोहन पर नियंत्रण के लिए कई कड़े प्रावधान किये गये हैं। इससे पहले, ये बिल प्रवर समिति को भेजा गया था। हंगामे के बीच ही मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि विधानसभा सत्र जनता की समस्याओं पर ध्यान आकर्षित करने और उनके समाधान के लिए आहूत किया गया। उन्होंने विपक्ष पर सस्ती लोकप्रियता के लिए सदन का समय बर्बाद करने का आरोप लगाया। श्री शर्मा ने कहा कि सत्र के दौरान विपक्ष की ओर से जनता के हित का कोई ठोस मुद्दा नहीं रखा गया। वहीं हाल ही में प्रदेश में हुई अतिवृष्टि से उत्पन्न स्थिति का जायज़ा लेने और प्रभावितों से मिलने के लिए भी विपक्ष का कोई नेता जनता के बीच नहीं गया।

इससे पहले, विधानसभा में अतिरिक्त कैमरे लगाने के मामले पर विपक्ष ने भारी शोर–शराबा किया और विधानसभा अध्यक्ष से लगातार इस पर व्यवस्था देने की मांग की। इस दौरान कांग्रेसी विधायक वैल में आकर नारेबाज़ी भी करते रहे। इसके बाद उन्होंने सदन की कार्यवाही का बहिष्कार किया।

वन और पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा ने आज विधानसभा में कहा कि बारां जिले में तेंदू पत्ते की अवैध तुड़ाई और कटाई करने वालों पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि वन विभाग के कामों में भ्रष्टाचार और कोताही किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

इस दौरान उन्होंने उप वन संरक्षक अनिल कुमार यादव को राजकार्य में लापरवाही बरतने और अनुशासनहीनता के लिए निलंबित करने के निर्देश दिए। वन मंत्री विधायक ललित मीना की ओर से ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के माध्यम से उठाए गए मुद्दे पर जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि उप वन संरक्षक यादव के ख़िलाफ वन भूमि पर अतिक्रमण तथा अवैध कटान की गंभीर शिकायतें हैं।

000

मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने आज जयपुर में अरबन को ऑरेटिव बैंक के राष्ट्रीय अधिवेशन में शिरकत की। सहकार भारती और सहकारिता विभाग की ओर से इसका आयोजन किया गया। अधिवेशन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने सहकारी बैंकों को सशक्त बनाने और सुलभ बैंकिंग सेवाओं के लिए किये जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सहकारिता के व्यापक दायरे से प्रदेश आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है।

000

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर सहकार भारती की मार्गदर्शिका का विमोचन किया। समारोह में सदस्यता अभियान एप का भी लोकार्पण किया गया।

000

कोटा के वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय के नव नियुक्त कुलगुरु प्रोफेसर बी.एल. वर्मा ने आज राजभवन में राज्यपाल और कुलाधिपति हरिभाऊ बागड़े से मुलाकात की। प्रोफेसर वर्मा की कुलगुरु बनने के बाद राज्यपाल से यह पहली शिष्टाचार भेंट थी।

000

नेपाल में फंसे लोगों की मदद के लिए पुलिस हैडक्वार्टर जयपुर में विशेष सेल स्थापित की गई है। इसके साथ ही लोगों की सहायता के लिए हेल्पलाइन और व्हॉट्सएप नम्बर जारी किया गया है।

000

तीन सितम्बर को जीएसटी काउंसिल ने कई क्षेत्रों में कर दरों को कम करने की मंजूरी दी है। 22 सित्मबर से लागू होने वाली ये छूट आम आदमी के जीवन को आसान बनाएगी। आज हम बात करने जा रहे हैं हस्तशिल्प यानि हैंडीक्राफ्ट क्षेत्र की। जीएसटी दरों में कटौती से हस्तशिल्प उद्योगों को मज़बूती मिलेगी। इससे घरेलू बाज़ार में मांग बढ़ेगी और कारीगरों को कारोबार बढ़ाने में भी मदद मिलेगी। इसके साथ ही इस क्षेत्र पर निर्भर लाखों हस्तशिल्पियों की आजीविका की भी रक्षा होगी। राजस्थान का हस्तशिल्प पूरी दूनिया में मशहूर है। पाली जिले के चूड़ी निर्माता ने जीएसटी सुधारों की सराहना करते हुए कहा कि इनकी शुरूआत बिलकुल सही समय पर की जा रही है। उन्होंने इसके लिए सरकार को धन्यवाद दिया है।

000

उदयपुर के हैंडीक्राफ्ट व्यवसायी नरेश ने बताया कि घरेलू मांग बढ़ने से खपत और बिक्री अधिक होगी।

000

केन्द्रीय मंत्रिमंडल की आर्थिक कार्य समिति ने रेल लाइनों के 177 किलोमीटर लम्बे खंड के दोहरीकरण को मंजूरी दी है। इस पर लगभग 3 हजार 169 करोड़ रुपये लागत आएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में ये निर्णय लिया गया। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इसकी जानकारी मीडिया को दी। उन्होंने बताया कि इससे सम्पर्क और गतिशीलता में सुधार होगा। श्री वैष्णव ने कहा कि मल्टी–ट्रैकिंग प्रस्ताव से परिचालन आसान होगा और भीड़भाड़ कम होगी।

000

रेल लाइन दोहरीकरण की ये परियोजना बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल में भागलपुर–दुमका–रामपुरहाट के लिए है। मंत्रिमंडल ने बिहार के बक्सर–भागलपुर हाई–स्पीड कॉरिडोर के निर्माण को भी मंजूरी दी है। 82 किलोमीटर लम्बे इस कॉरीडोर पर करीब 4 हजार 447 करोड़ रुपये खर्च किये जाएंगे। ये परियोजनाएं क्षेत्र के लोगों को व्यापक विकास के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाएंगी। इससे रोज़गार के अवसरों को भी बढ़ावा मिलेगा।

000

केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव का कल एक दिवसीय दौरे पर जयपुर आने का कार्यक्रम है। श्री वैष्णव जगतपुरा में लघु उद्योग भारती राष्ट्रीय अधिवेशन में भाग लेंगे। वे जयपुर जंक्शन पर नये प्रवेश द्वार के लिए किये जा रहे निर्माण कार्यों का जायज़ा लेंगे। इसके साथ ही वंदे भारत मेंटेनेंस फेसिलिटी का भी उद्‌घाटन करेंगे। श्री वैष्णव गांधी नगर रेलवे स्टेशन का भी मुआयना करेंगे।

000

आज विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस है। ये दिन लोगों को संदेश देता है कि आत्महत्या की घटनाएं रोकी जा सकती हैं। समय पर मदद लेने से जीवन को बचाया जा सकता है।

000

जनजातीय कार्य राज्य मंत्री दुर्गादास उइके ने आज नई दिल्ली में दुनिया के पहले डिजिटल जनजातीय विश्वविद्यालय–आदि संस्कृति का शुभारंभ किया। श्री उइके ने कहा कि आदि संस्कृति एक डिजिटल अकादमी और ई–लर्निंग प्लेटफ़ॉर्म है। ये राष्ट्रीय और वैश्विक दर्शकों के लिए आदिवासी कला, संस्कृति, शिल्प और जानकारी का एक ऑनलाइन बाज़ार है। उन्होंने कहा कि इससे सांस्कृतिक संरक्षण और आजीविका के नए अवसर पैदा हो सकेंगे। केन्द्रीय मंत्री एकीकृत जनजातीय विकास एजेंसी के परियोजना अधिकारियों के राष्ट्रीय सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि जनजातीय विरासत के संरक्षण और सशक्तिकरण के लिए ज़मीनी स्तर पर प्रयास होने चाहिए।

000

रणथम्भौर राष्ट्रीय उद्यान में एक अक्टूबर से शुरू होने वाले नये पर्यटन सत्र के लिए जोर–शोर से तैयारियां की जा रही हैं। इसी क्रम में वन विभाग की ओर से आज से गाइड्स का दो दिन का प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ। इस मौके पर उप वन संरक्षण रामानंद भाकर ने कहा कि देशी–विदेशी पर्यटकों को उद्यान के बारे में पुख्ता जानकारी देना सभी गाइड्स का कर्तव्य है।

000

बाल विवाह की रोकथाम के लिए ब्यावर में आज समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान जिला कलेक्टर कमलराम मीना ने बाल विवाह उन्मूलन के लिए की जा रही जागरुकता गतिविधियों पर चर्चा की और अबूझ सावों पर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिये। बैठक में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं और सुरक्षा सखियों ने हिस्सा लिया।

भरतपुर में भी जिला कलेक्टर कमर चौधरी ने बाल विवाह के खिलाफ जागरुकता फैलाने के निर्देश दिये। उन्होंने शिक्षण संस्थाओं में इससे होने वाले नुकसानों की जानकारी देने को कहा।

000

चूरू में आज कपास कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें किसानों को कपास फसल का उत्पादन बढ़ाने के बारे में जानकारी दी गई। कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. राजकुमार कुलहरी ने बताया कि एक दिवसीय कार्यशाला में कपास फसलों में होने वाले रोगों और कीटों की पहचान तथा नियंत्रण के बारे में जानकारी दी गई। इसके साथ ही डीएपी तथा यूरिया के स्थान पर एनपीके और एसएसपी उर्वरक के अधिक इस्तेमाल पर ज़ोर दिया गया।

000

मौसम विभाग ने राज्य के अधिकतर स्थानों पर बारिश की गतिविधियों में अगले एक सप्ताह तक कमी के आसार जताए हैं। इस दौरान दिन के तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हो सकती है। 17 सितम्बर से बरसात का सिलसिला फिर से शुरू होने की संभावना है। इस बीच, बीते 24 घंटों में पूर्वी राजस्थान में कुछ स्थानों पर और श्रीगंगानगर के सादुलशहर में हल्की बरसात हुई। हनुमानगढ के संगरिया में अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज हुआ।

000

एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट में आज भारत का मुकाबला संयुक्त अरब अमीरात की टीम से होगा। ग्रुप ए का ये मैच दुबई स्टेडियम में खेला जाएगा। वहीं प्रतियोगिता के पहले मैच में अफ़ग़ानिस्तान ने हांगकांग पर जीत दर्ज की। आबूधाबी में खेला गया ये मैच ग्रुप बी का था। इसमें श्रीलंका और बांग्लादेश भी शामिल हैं।

000